**ई–मेल**

प्रेषक,

सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद,
रामनगर (नैनीताल)।

सेवा में,

समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी
उत्तराखण्ड।

पत्रांकः– उ0वि0शि0प0/सिस्टम सेल/ऑनलाइन डाटा/562-65/2025-26 दिनांक 19 अगस्त, 2025

**विषयः–** **परिषदीय परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि विस्तारित करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपको अवगत कराना है कि परिषद् कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी परिषदीय परीक्षा वर्ष 2026 हेतु शुल्क का निर्धारण कर संस्थागत परीक्षार्थियों के शुल्क की अन्तिम तिथि 31 जुलाई, 2025 निर्धारित की गई थी।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्रांक/अका0/3096–98/परि0परी0/2025–26 दिनांक 18.08.2025 एवं सचिव, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून के शासनादेश संख्या/323032/2025/XXIV-5B-/25-09(05)/ 2019 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–5 देहरादून दिनांक 18 अगस्त 2025 के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं प्रतिकूल मौसम परिस्थिति के कारण विद्यालयों को लगातार बन्द किये जाने के दृष्टिगत छात्रहित में उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद के विनियम में विहित व्यवस्थानुसार परिषदीय परीक्षा–2026 हेतु परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 को विस्तारित करते हुए परिषदीय परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 31 अगस्त, 2025 (रात्रि 11:59 बजे) तक निर्धारित किया गया है। **व्यक्तिगत परीक्षार्थी पूर्व में दिये गये निर्देशानुसार दिनांक 14 अगस्त, 2025 तक सामान्य शुल्क एवं दिनांक दिनांक 24 अगस्त, 2025 तक विलम्ब शुल्क के साथ आवेदन जमा कर सकेंगे। व्यक्तिगत परीक्षार्थियों हेतु शुल्क जमा करने की तिथियां पूर्ववत रहेंगी।**

अतः अपने जनपद अन्तर्गत व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए उक्त सूचना से समस्त शासकीय/अशासकीय/मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों को अवगत कराने का कष्ट करेंगे।

**संलग्नक : उक्त पत्रों की छायाप्रतियां।**

भवदीय

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

पृष्ठांकन सं0: उ0वि0शि0प0/सिस्टम सेल/ऑनलाइन डाटा/562-65 /2025-26 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– सभापति/निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून

2– समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी।

3– समस्त संस्थाध्यक्ष शासकीय/अशासकीय/मान्यता प्राप्त विद्यालय द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी।

19/8/25

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

प्रेषक,

**निदेशक,**
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड,
ननूरखेड़ा, देहरादून।

सेवा में,

**सचिव,**
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर, नैनीताल।

पत्रांक/अका0/3096-98 /परि0परी0/2025-26 दिनांक 18 अगस्त, 2025

**विषय : परिषदीय परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्याः 323032/2025 दिनांक 18 अगस्त, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से आपके द्वारा प्रस्तावित परिषदीय परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों के दृष्टिगत छात्र-छात्राओं के हित में परिषद् के विनियम में विहित व्यवस्थानुसार परिषदीय परीक्षा- 2026 हेतु परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2025 (रात्रि 11:59 बजे) तक विस्तारित किये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं।

अतः शासन के उक्त पत्र की प्रति संलग्न करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि परिषदीय परीक्षा- 2026 हेतु परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2025 (रात्रि 11:59 बजे) विस्तारित की गयी है। कृपया तद्नुसार अग्रेत्तर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

**संलग्नक- यथोपरि।**

भवदीय

18/08/25
(रमेश सिंह तोमर)
उप निदेशक
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड।

पृ0सं0/अका0/3096-98 /परि0परी0/2025-26 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड शासन।
2. समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड।

18/08/25
उप निदेशक
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड।

प्रेषक,

संख्या-323032/2025/XXIV-5-B-/25-09(05)/2019

रविनाथ रामन,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा,
उत्तराखण्ड देहरादून।

माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-5 देहरादूनः दिनांक 18 अगस्त, 2025

विषय-- परीषदीय परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि विस्तारित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या--अका0/3193-94/बोर्ड0 प0 शुल्क /2025-26 दिनांक 11 अगस्त, 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों के दृष्टिगत छात्र--छात्राओं के हित मे उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद के विनियम मे विहित व्यवस्थानुसार परिषदीय परीक्षा-2026 हेतु परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई, 2025 को विस्तारित किये जाने प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

अतः उपरोक्त के कम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ हैं कि छात्रहित को देखते हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव, एवं जिलाधिकारी द्वारा प्रतिकूल मौसम के कारण विद्यालयों को लगातार बन्द किये जाने के दृष्टिगत परिषदीय परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 31 अगस्त, 2025 (रात्रि 11:59 बजे) तक विस्तारित की जाती है। कृपया तदनुसार अग्रेत्तर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

Digitally signed by
RAVINATH RAMAN
Date: 14-08-2025
19:34:17

भवदीय,

(रविनाथ रामन)
सचिव

संख्या- /XXIV-B-5/2025-09(05)2019 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः--

1-- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन।
2--निजी सचिव,मा0मंत्री,विद्यालयी शिक्षा,उत्तराखण्ड शासन।
3--निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
4--महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून।
5--निदेशक प्रारम्भिक/अकादमिक एवं शोध प्रशिक्षण,उत्तराखण्ड देहरादून।
6--सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् (रामनगर) नैनीताल।
7--समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी, उत्तराखण्ड।
8-- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

Digitally signed by
SHIVSWAROOP TRIPATHI
Date: 18-08-2025
13:02:29

(शिव स्वरूप त्रिपाठी)
संयुक्त सचिव